**समीक्षा बैठक** कलेक्टर बोले, सुरक्षा इंतजाम नहीं तो पटाखा, विस्फोटक सामग्री कारखानों के लाइसेंस निरस्त करायें

# गौरीघाट में नाव संचालन पर कैमरे से रखें नजर : सिंह



**जबलपुर।** गौरीघाट में नाव संचालन पर कैमरों से नजर रखी जाएं। सीसीटीवी कैमरे लगाकर बिना लाइफ जैकेट पहनाकर और क्षमता से अधिक लोगों को बैठाकर नाव संचालन करने वालों की निगरानी कर सख्त कार्यवाही की जाएं। यह बातें कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने समीक्षा बैठक लेते हुए अधिकारियों से कहीं।

बैठक में कलेक्टर सिंह ने जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में पटाखा एवं विस्फोटक सामग्री के निर्माण एवं भंडारण स्थलों की जांच करने ए वं लाइसेंस का सत्यापन करने के निर्देश राजस्व अधिकारियों को दिये। उन्होंने कहा कि यदि जांच के दौरान सुरक्षा के समुचित इंतेजाम नहीं पाये जाते हैं तो ऐसी पटाखा एवं विस्फोटक सामग्री के कारखानों एवं भंडारण स्थलों के लाइसेंस निरस्त कर उन्हें तुरंत बंद कराया जाये। साथ ही ग्रामीण और शहरी क्षेत्र से पेयजल आपूर्ति से संबंधित प्राप्त शिकायतों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश अधिकारियों को दिये हैं।

### कालाबाजारी पर तुरंत एक्शन लें

कलेक्टर ने बैठक में समर्थन मूल्य पर किसानों से उपार्जित गेहूं के परिवहन एवं भंडारण का ब्यौरा लिया। उन्होंने अधिकारियों को खरीदी केन्द्र परिसर में रखे उपार्जित गेहूं को शीघ्र ही गोदामों के भीतर रखने के निर्देश दिये। उन्होंने उर्वरक वितरण में अनियमितताओं, कालाबाजारी और किसानों से अधिक दाम वसूलने की प्राप्त शिकायतों पर त्वरित एक्शन लेने तथा कठोर कार्यवाही करने के निर्देश अधिकारियों को दिये।

### स्कूलों के पास गुटखों की दुकानों को हटाए

बैठक में स्कूलों के सौ मीटर के दायरे के भीतर चिन्हित तम्बाकू, सिगरेट और गुटखा की दुकानों को हटाने की कार्यवाही प्रारंभ करने के निर्देश सभी एसडीएम को दिये हैं। श्री सिंह ने जिला शिक्षा अधिकारी से कहा कि स्कूलों के सौ मीटर के दायरे में लगी तम्बाकू, गुटखा और सिगरेट की दुकानों की सूची सभी एसडीएम को शीघ्र उपलब्ध कराई जाये।

### नरवाई जलाने पर हो कार्यवाही

कलेक्टर सिंह ने बैठक में जिले में नरवाई जलाने की घटनाओं की विकासखंडवार जानकारी लेते हुए दोषी व्यक्तियों से अर्थदंड वसूलने की कार्यवाही करने कहा । कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में संपन्न हुई इस बैठक में जिला पंचायत के सीईओ अभिषेक गहलोत, स्मार्ट सिटी के सीईओ अरविन्द शाह सहित सभी संबंधित जिला अधिकारी मौजूद थे।



## सिंहस्थ 2028 की तैयारी : पुलिस को भीड़ नियंत्रण चेकिंग व निगरानी के गुर सिखाने 6 दिवसीय कार्यशाला शुरू

**नवभारत,जबलपुर।** उज्जैन में आयोजित होने वाले आगामी सिंहस्थ महापर्व 2028 को सुरक्षित और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस ने अभी से मोर्चा संभाल लिया है। पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर जबलपुर के पुलिस बल को कानून व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण और किसी भी प्रकार की आपातकालीन स्थिति से निपटने में पूरी तरह निपुण बनाने के उद्देश्य से सोमवार को 6 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला का भव्य शुभारंभ हुआ। पुलिस लाइन स्थित सामुदायिक भवन में आयोजित इस कार्यशाला का उद्घाटन मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक प्रमोद वर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षकसम्पत उपाध्याय विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला की शुरुआत की और पुलिस बल को पूरी निष्ठा के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

### पीपीपी के जरिए सिखाई जा रही हैं सुरक्षा और चुनौतियों की बारीकियां

प्रशिक्षण के पहले दिन आधुनिक तकनीकों और पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को सिंहस्थ मेले के दौरान आने वाली चुनौतियों के बारे में बताया गया। कार्यशाला में मुख्य रूप से भीड़ नियंत्रण व प्रबंधन, यातायात व चेकिंग, आपातकालीन स्थिति से निपटने का प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण सत्र के पहले बैच में करीब 150 पुलिस अधिकारी और कर्मचारी शामिल हो रहे हैं। उद्घाटन के दौरान एएसपी अपराध जितेन्द्र सिंह, एएसपी ग्रामीण सूर्यकांत शर्मा, एएसपी यातायात अंजना तिवारी, डीएसपी आकांक्षा उपाध्याय, सीएसपी गढ़ा आशीष जैन, सीएसपी अधारताल राजेश्वरी कौरव, सीएसपी गोहलपुर मधुर पटेरिया, डीएसपी बैजनाथ प्रजापति, रक्षित निरीक्षक जे.पी. आर्य और सूबेदार योगेश चौकसे मौजूद रहे।

## फ्लाईओवर पर कट्टा-चाकू अड़ाकर लूट

**चांदी की चेन, 20 हजार छीने जबरन ऑनलाइन रकम कराई ट्रांसफर, बनाया वीडियो**

**नवभारत, जबलपुर।** संजीवनीनगर अंतर्गत अंधमूक बाईपास फ्लाईओवर पर बीती रात पांच शातिर बदमाशों ने एक युवक को घेरकर कट्टा और चाकू की नोंक पर लूट लिया। बदमाशों ने पीड़ित से चांदी की चेन और नकदी लूटने के बाद जबरन उसके मोबाइल से ऑनलाइन रुपए ट्रांसफर कराए और साक्ष्य मिटाने के लिए डरा-धमकाकर एक वीडियो भी रिकॉर्ड किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी अनुसार माढ़ोताल आईटीआई के सामने निवासी पुष्पेंद्र पटेल (32) अपने ग्राम सेमरा स्थित खेत गए थे। रात करीब 11:30 बजे वह अपने बजाज चेतक स्कूटर से घर लौट रहे थे। रात करीब 12:10 बजे जैसे ही वह अंधमूक बाईपास फ्लाईओवर पर पहुंचे, तभी बिना नंबर की एक्सिस स्कूटी पर सवार तीन बदमाशों ने रास्ता रोक लिया। तीन बदमाशों ने पुष्पेंद्र को घेरा। चाकू दिखाकर गले से चांदी की चेन झपटी और स्कूटर की डिक्की में रखे फसल बिक्री के 20,000 रुपए लूट लिए। वारदात के 5 मिनट बाद ही बजाज पल्सर एमपी 20 जेड एक्स 5693 पर दो और बदमाश वहां पहुंचे। उन्होंने कट्टा अड़ाकर पुष्पेंद्र का मोबाइल छीन लिया। बदमाशों ने पुष्पेंद्र से आनलाइन के जरिए 2,000 रुपए ट्रांसफर करवाए।

### हम नपेंगे, तो तुम्हें भी नाप देंगे

इसके बाद पीड़ित को डराकर उसका एक वीडियो बनाया, जिसमें जबरन यह कहलवाया कि यह पैसे मैंने अपनी मर्जी से ट्रांसफर किए हैं और बदले में नगद लिए हैं। बदमाशों ने मोबाइल स्क्रीन पासवर्ड और पिन भी पूछ लिया। जाते-जाते धमकी दी कि अगर रिपोर्ट की तो हम नपेंगे, तो तुम्हें भी नाप देंगे

### शोर मचाने पर मोबाइल फेंककर भागे बदमाश

बदमाश कटंगी बाईपास की तरफ भागने लगे। रास्ते में वे पुष्पेंद्र के खाते से और पैसे ट्रांसफर करने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन असफल रहे। इसी बीच पीड़ित ने शोर मचाते हुए उनका पीछा किया, जिससे डरकर बदमाश मोबाइल रास्ते में ही फेंककर रफूचक्कर हो गए।

## जीसीएफ फैक्ट्री कारीगर के खाते से उड़े 1.35 लाख

**जबलपुर ।** जीसीएफ फैक्ट्री कारीगर के खाते से ठग ने 1 लाख 35 हजार रूपए पार कर दिए। हनुमानताल पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर पतासजी शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक लक्ष्मीकांत कोल 54 वर्ष निवासी मरघटाई रोड हनुमानताल ने लिखित शिकायत की कि वह जीसीएफ फेक्ट्री जबलपुर में मशीनिस्ट के पद पर कार्यरत है। जब वे सुबह दस बजे अपने घर पर था उसी समय उसका मोबाइल एकाएक आटोमेटिक अपडेट होने लगा और बंद नहीं हो रहा था। मोबाइल के सारे एप गायब थे। बाद में उसे जानकारी हुई कि अज्ञात ठग ने उसके मोबाइल को हैक कर धोखाधड़ी से यूपीआई के माध्यम से उ सके बैंको की राशि जो मोबाइल से लिंक थी कुल 1,35000 रुपये निकाल लिये हैं।

## सेल्समैन स्टाफ से भी हुई मारपीट, पांच हजार भी लूटे

**शराब दुकान में मचे बवाल पर काउंटर केस दर्ज**

**नवभारत,जबलपुर।** माढ़ोताल थाना अंतर्गत चुंगी नाका स्थित एक शराब दुकान में रविवार शाम मचे बवाल के बाद काउंटर केस दर्ज कर लिया गया है। अधिवक्ता और उसके चचेरे भाई को शराब दुकान में बंधक बनाकर जानलेवा हमला किए जाने पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया था तो वहीं मामले में दूसरा पक्ष भी सामने आया जिसने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए आरोप लगाया कि फ्री में शराब न देने पर बदमाशों ने न सिर्फ सेल्समैन और स्टाफ के साथ बेरहमी से मारपीट की, बल्कि दुकान के गल्ले से पांच हजार रूपए नगद भी लूट लिए। वारदात के दौरान बदमाशों ने दुकान में रखी महंगी शराब की बोतलें तोड़कर भारी नुकसान पहुंचाया।

पुलिस के मुताबिक, महाराजपुर पटेल नगर, अधारताल निवासी 24 वर्षीय आकाश चौधरी चुंगी नाका वाइन शॉप में सेल्समैन है। रविवार शाम करीब 7 बजे जब वह काउंटर पर ड्यूटी कर रहा था, तभी अमित यादव और आकाश यादव वहां पहुंचे। दोनों आरोपियों ने रौब दिखाते हुए फ्री में शराब की मांग की। जब सेल्समैन आकाश ने नियमानुसार फ्री शराब देने से साफ मना कर दिया, तो आरोपी भड़क गए अमित और आकाश यादव अपने कुछ अन्य साथियों को लेकर जबरन दुकान के भीतर केबिन में घुस आए। मुख्य आरोपी अमित यादव ने सेल्समैन का नाम पूछा और लात-मुक्कों से हमला कर दिया। दुकान में मौजूद साथी कर्मचारी अमित कोरी जब बीच-बचाव करने आगे आया, तो उसे भी बेरहमी से पीटा, जिससे उसके हाथ और पीठ में गंभीर चोटें आईं। इसी दौरान उनका एक और साथी रामसुजान यादव भी वहां पहुंच गया। तीनों ने मिलकर काउंटर के गल्ले में रखी 5,000 की नकदी लूट ली और दुकान में रैक पर सजी शराब की बोतलें पटक-पटक कर तोड़ दीं। वहीं करमेता निवासी अधिवक्ता अमित यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि थी कि रविवार शाम करीब 6:30 से 7 बजे के बीच उनका चचेरे भाई आकाश यादव चुंगी नाका स्थित शराब दुकान पर किंगफिशर बीयर खरीदने गया वहां मौजूद सेल्समैन प्रिंट रेट से अधिक पैसों की मांग कर रहे थे। जब आकाश ने इसका विरोध किया तो विवाद शुरू कर दिया वे मौके पर पहुंचा और बीच-बचाव की कोशिश की। दुकान के कर्मचारी और उग्र हो गए। कर्मचारियों ने चिल्लाकर कहा कि दुकान मालिक पहरिया का साफ निर्देश है कि इन्हें अंदर ले जाकर तरीके से मारो, ये जिंदा बचकर नहीं जाने चाहिए, बाकी हम देख लेंगे। इसके बाद आधा दर्जन से अधिक कर्मचारी अमित और आकाश को घसीटते हुए दुकान के भीतर बने एक कमरे में ले गए और शटर व दरवाजा बंद कर दिया था। कमरे के अंदर दोनों भाइयों को घेरकर लाठी, डंडों और लोहे की भारी रॉड से बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया गया था।

### एक नजर में



### आरपीएफ ने चलाया जागरूकता अभियान

**जबलपुर, नवभारत।** रेल सुरक्षा बल जबलपुर द्वारा सोमवार को फायर सेफ्टी के संबध में जबलपुर रेलवे स्टेशन पर जागरूकता अभियान चलाया चलाया गया। इस दौरान स्टेशन के बाहर सर्कुलेटिंग एरिया में यात्रियों को एकत्रित कर यात्रा के दौरान कोई भी ज्वलनशील सामग्री जैसे पटाखे, गैस सलेंडर आदि लेकर यात्रा नही करने, यात्रा के दौरान बीडी, सिगरेट एवं अन्य धूम्रपान संबधी सेवन नही करने के संबध में समझाइस दी गई। इस के साथ ही स्टोन पैल्टिंग और बिना उचित कारण के चैन पुलिंग करने एवं पायदान पर बैठकर यात्रा न करने और अपरिचित व्यक्तियों से कोई भी खाध सामग्री ग्रहण न करने के संबध में जागरूक किया गया।

### लकवा, सांस की बीमारी सहित अन्य बीमारियां इमरजेंसी चिकित्सा में शामिल

**जबलपुर, नवभारत।** रेलकर्मियों और पेंशनर्स के लिए सोमवार को एक बड़ी खबर सामने आई अब लकवा, सांस की तकलीफ, हार्ट अटैक समेत 12 गंभीर आपात स्थितियों में निजी अस्पताल में इलाज कराने पर रेलवे पूरा खर्च उठाने जा रहा है। नए नियम से पश्चिम मध्य रेलवे के करीब 60 हजार हजार कर्मचारी और हजारों पेंशनर्स को सीधा फायदा मिलेगा। बोर्ड के हालिया आदेश के मुताबिक, दिल का दौरा, अचानक बेहोशी, लकवा, सांस लेने में दिक्कत, दुर्घटना, तेज दर्द को मेडिकल इमरजेंसी में रखा गया है। इसके अलावा प्रसव, रक्तस्राव, डिहाइड्रेशन, सांप या जहरीले कीड़े का काटना, जलना या बिजली का झटका लगने पर भी कर्मचारी सीधे निजी अस्पताल जा सकेंगे। डॉक्टर की ओर से प्रमाणित कोई भी जीवन-घातक स्थिति इस दायरे में आएगी।

### चोरी के इरादे से घर में घुसे नकबजन पकड़े गये

**जबलपुर ।** बरेला थाना अंतर्गत सिग्मा कान्हा में एक मकान में चोरी करने के इरादे से घुसे नकबजन को पुलिस ने स्थानीयजनों की मदद से दबोच लिया। पुलिस के मुताबिक शुभम रैकवार 33 वर्ष निवासी उखरी विजय नगर लार्डगंज एमआर है उसका मित्र विजय सिग्मा कान्हा में अपने परिवार सहित रहता है सिग्मा कान्हा अपने घर की देखरेख के लिये सीसीटीव्ही कैमरा लगवाया है 31 मई को विजय मिश्रा परिवार सहित अपने गांव एटा आगरा गया है। रात लगभग 3-46 बजे उसे विजय मिश्रा ने फोन कर बताया कि सिग्मा कान्हा में उसके घर में चोर घुसे हैं पड़ोसियों ने फोन कर बताया तो शुभम विजय मिश्रा के घर सिग्मा कान्हा गया। विजय मिश्रा के घर के पास पड़ोसियों की भीड़ लगी थी लोगों ने बताया कि विजय मिश्रा के घर चोर घुसे हैं विजय मिश्रा के घर का मेन गेट का ताला टूटा हुआ है व पोर्च के पास दरवाजा में राड पड़ी हुई है, सूचना पर पहुंची पुलिस के आने पर पड़ोसियों की मद्द से तीन चोर अंकित कुमार पिता मुकेश गौसाई निवासी खटीक मोहल्ला भानतलैया हनुमानताल, गुड्डू उर्फविनय चौबे पिता शिव शंकर चौबे निवासी मदर टेरेसा आईटीआई , सौरभ सोनी पिता शंकर लाल सोनी निवासी ग्रीन सिटी पकड़े गए।

## फर्जी दस्तावेज पेश करने वाले पांच आरोपियों की अग्रिम जमानत निरस्त



**जबलपुर।** अपर सत्र न्यायाधीश संजोग सिंह वाघेला ने हाईकोर्ट के नाम से फर्जी दस्तावेज पेश करने के मामले में शिल्पा पांडे, मधुलता दुबे, शिवांक दुबे, शिवानी चतुर्वेदी और अनूप चतुर्वेदी की अग्रिम जमानत निरस्त कर दी है। इस मामले में हाईकोर्ट के निर्देश पर दोबारा एफआईआर दर्ज की गई है।

दरअसल फरियादी वीरेन्द्र पांडे की ओर से दायर परिवाद में कहा गया कि दांडिक पुनरीक्षण प्रकरण की सुनवाई के आरोपियों ने हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार के नाम से कूटरचित दस्तावेज पेश किये।

इस मामले में उनके खिलाफ धोखाधड़ी और जालसाजी का प्रकरण दर्ज किया गया है। मामले में आरोपियों की ओर से अग्रिम जमानत दायर की गई। सुनवाई के बाद न्यायालय ने आरोपियों की अग्रिम जमानत निरस्त कर दी है।

### बलात्कार पीड़ित गर्भवती नाबालिग की पेश करें मेडिकल रिपोर्ट

बलात्कार पीड़ित नाबालिग किशोरी के गर्भपात की अनुमति के लिए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी थी। हाईकोर्ट जस्टिस राजेन्द्र कुमार वाणी की एकलपीठ ने याचिका की सुनवाई करते हुए पीड़िता की रिपोर्ट पेश करने के आदेश जारी किये है। याचिका पर अगली सुनवाई 5 जून को निर्धारित की गयी है। खरगोन निवासी बलात्कार पीड़िता के गर्भवती होने के संबंध में संबंधित जिला न्यायालय के द्वारा हाईकोर्ट को सूचित किया गया था। हाईकोर्ट ने संज्ञान लेते हुए मामले की सुनवाई संज्ञान याचिका के रूप में कर रहा है। एकलपीठ ने याचिका की सुनवाई करते हुए शासकीय अधिवक्ता को निर्देशित किया है कि पीड़िता की मेडिकल जांच कर उसकी रिपोर्ट न्यायालय में पेश की गयी।

## 22 अधिकारियों-कर्मचारियों पर 34,500 का अर्थदंड

**जबलपुर ।** लोक सेवा प्रदाय गारंटी अधिनियम के अंतर्गत आवेदकों को समय सीमा के भीतर सेवाएं नहीं देना जिले के 22 अधिकारी-कर्मचारियों को भारी पड़ गया है। कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने इन अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर 250 रूपये से लेकर 5 हजार रूपये तक का अर्थदंड अधिरोपित किया है। दंडित अधिकारियों-कर्मचारियों में एसडीएम और अतिरिक्त तहसीलदार से लेकर पंचायत सचिव शामिल है। इन पर अधिरोपित अर्थदंड की कुल राशि 34 हजार 500 रूपये है।दंडित अधिकारियों-कर्मचारियों को अधिरोपित किये गये अर्थदंड की राशि पांच दिन के भीतर सायबर ट्रेजरी के माध्यम से शासन के खाते में जमा करने तथा रसीद की छायाप्रति लोक सेवा प्रबंधन विभाग को प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये हैं। निर्धारित समयावधि में राशि जमा न करने की स्थिति में दंडित राशि वेतन से आहरित करने की चेतावनी इन्हें दी गई है। लोक सेवा प्रदाय गारंटी अधिनियम के तहत समय सीमा के भीतर आवेदकों को सेवाएं प्रदाय नहीं किये जाने पर जिन अधिकारियो-कर्मचारियों पर दंड अधिरोपित किया गया है उनमें एसडीएम रांझी मोनिका बाघमारे पर 1 हजार रूपये, अतिरिक्त तहसीलदार रांझी भीमसेन पटेल पर 250 रूपये, अतिरिक्त तहसीलदार गोरखपुर आदित्य जंघेला पर 500 रूपये, सिहोरा जनपद की पंचायत कुशयारी के सचिव संदीप सिंह ठाकुर पर 5 हजार रूपये एवं ग्राम पंचायत प्रतापपुर के सचिव आशीष कुमार दुबे पर 750 रूपये, शहपुरा जनपद की ग्राम पंचायत उमरिया के सचिव गणेश प्रसाद पटेल पर 1 हजार रूपये, बिलपठार ग्राम पंचायत के सचिव थम्मन सिंह पटेल पर 3 हजार 750 रूपये एवं ग्राम पंचायत चरगवां पुरानी के सचिव भगवानदास ठाकुर पर 750 रूपये, पनागर जनपद की ग्राम पंचायत उमरिया पथरा के सचिव शिवाजी पटेल पर 500 रूपये एवं ग्राम पंचायत पड़री के सचिव प्रहलाद पटेल पर 250 रूपये, मझौली जनपद की ग्राम पंचायत सिहोदा के सचिव क्रांतिभाई राजपूत पर 1 हजार रूपये एवं ग्राम पंचायत कंजई के सचिव ब्रजेश पटेल पर 500 रूपये, जबलपुर जनपद की ग्राम पंचायत कुकुरी खेड़ा के सचिव जितेन्द्र पाठक पर 1 हजार 750 रूपये, कुंडम जनपद की ग्राम पंचायत गौरी के सचिव देवेन्द्र कुमार पर 500 रूपये, जैतपुरी की सचिव सुश्री सुशीला वरकड़े पर 500 रूपये, मड़ईकला के सचिव रामप्रसाद तिलगाम पर 1 हजार 750 रूपये, जामगांव के सचिव प्रमोद कुशराम पर 2 हजार रूपये, डोली के सचिव करन सिंह पर 500 रूपये, बिलटुकरी के सचिव कमल मरावी पर 1 हजार 750 रूपये, भैंसवाही के सचिव जियालाल मार्को पर 5 हजार रूपये, महगवां की सचिव सुश्री सविता मांझी पर 2 हजार 500 रूपये एवं ग्राम पंचायत मोहनी की सचिव सुश्री कल्पना पूसाम पर 3 हजार रूपये का अर्थदंड अधिरोपित किया गया है।

**शानदार पहल** कभी जिन पौधों पर उठे थे सवाल आज वही दे रहे घनी छांव और जीवन का संदेश

# पांच साल की तपस्या बनी हरियाली की मिसाल

**नवभारत, जबलपुर।** पाँच वर्ष पहले जिन छोटे-छोटे पौधों को उम्मीद और संकल्प के साथ धरती में रोपा गया था, आज वे वृक्ष बनकर पर्यावरण संरक्षण की प्रेरक मिसाल बन गए हैं। इन वृक्षों की हरियाली न केवल क्षेत्र की सुंदरता बढ़ा रही है, बल्कि राहगीरों को छाँव, पक्षियों को आश्रय और शहर को स्वच्छ वातावरण भी प्रदान कर रही है।

### औपचरिकता नहीं नियमित की देखभाल

वृक्षारोपण अभियान से जुड़े वृक्षमित्र परिवार व कल्पवृक्ष फाउंडेशन संस्थापक सदस्य एम एस ठाकुर ने बताया कि यह वृक्षारोपण केवल औपचारिकता तक सीमित नहीं रहा बल्कि पौधे लगाने के बाद उनकी नियमित सिंचाई, सुरक्षा और देखभाल की गई। वर्षों तक वरिष्ठ सदस्यों के मार्गदर्शन में स्वयंसेवकों ने समर्पण भाव से पौधों को संरक्षित रखा, जिसके परिणामस्वरूप आज वे घने वृक्षों का रूप ले चुके हैं।




### फुटपाथ में पेड़ बनेंगे बाधा जताई थी आशंका

गुलौआताल के सामने फुटपाथ पर जब जुलाई 2021 में वृक्षारोपण की शुरुआत हुई थी, तब कुछ लोगों ने आशंका जताई थी कि भविष्य में पेड़ फुटपाथ के लिए बाधा बन सकते हैं, फुटपाथ तोड़ा जा रहा है। इस कारण शुरुआती दौर में विरोध और आलोचना भी हुई थी ।

### अब है ग्रीन कॉरिडोर

लेकिन समय के साथ यह स्थान दोनों ओर से हरियाली से घिरा एक सुंदर ग्रीन कॉरिडोर में बदल गया। आज यहां पक्षियों का मधुर कलरव सुनाई देता है, नागरिक वृक्षों की छाँव में विश्राम करते हैं और अनेक लोग स्वास्थ्य लाभ के लिए इस मार्ग पर भ्रमण करते नजर आते हैं।

### अभियान से जुड़े

पर्यावरण प्रेमियों का कहना है कि यह परिवर्तन साबित करता है कि यदि उद्देश्य जनहित और पर्यावरण संरक्षण का हो और प्रयास लगातार किए जाएं, तो शुरुआती शंकाएं भी विश्वास में बदल जाती हैं।

### फुटपाथ निर्माण में पौधरोपण के लिए हो पर्याप्त स्थान

वृक्ष मित्र श्री एम एस ठाकुर , ने इस सफलता के आधार पर नगर निगम के अधिकारियों से अपील की है कि नए फुटपाथों के निर्माण में वृक्षारोपण के लिए पर्याप्त स्थान और आवश्यक प्रावधान सुनिश्चित किए जाएं, ताकि भविष्य में शहरों को अधिक हरित और पर्यावरण-अनुकूल बनाया जा सके।

### इनका कहना है

प्रत्येक नागरिक को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और उनकी दो वर्षों तक पानी व देखभाल करने की जिम्मेदारी लेनी चाहिए । वृक्षारोपण केवल पौधे लगाने का कार्य नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित और स्वस्थ भविष्य तैयार करने का संकल्प है।

**एम एस ठाकुर**
**वृक्ष मित्र**